आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 28 लखनऊ, शुक्रवार 28 अक्टूबर 2022 से 06 नवम्बर 2022 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से की बात


नई दिल्ली। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनका परिवार डाउनिंग स्ट्रीट के नंबर १० से ऊपर के फ्लैट में रहेगा। ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन के चांसलर रहते हुए ऋषि सनक अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ फ्लैट में रुके थे। नंबर १० फ्लैट ब्रिटेन के प्रधान मंत्री का आधिकारिक निवास रहा है और बोरिस जॉनसन सहित कई पूर्ववर्ती चार बेडरूम वाले फ्लैट में रह चुके हैं। भारतीय मूल के ऋषि सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पद संभालने के साथ ही बधाईयों का दौर लगातार जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदोमीर जेलेंस्की तक सुनक से फोन पर बात की है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २७ अक्टूबर को ऋषि सुनक से फोन पर बात की है। जिसकी जानकारी खुद पीएम मोदी ने ट्विटर के माध्यम से दी



है। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा कि ऋषि सुनक से से बात करके खुशी हुई। आज। यूके के पीएम के रूप में कार्यभार संभालने पर उन्हें बधाई दी। हम अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। हम एक व्यापक और संतुलित एफटीए के शीघ्र निष्कर्ष के महत्व पर भी सहमत हुए। इससे पहले दिवाली के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के पीएम के रूप में कार्यभार संभालने के लिए ऋषि सनक को अपना बधाई संदेश ट्वीट किया था। अपने गर्मजोशी भरे संदेश में पीएम मोदी ने वैश्विक मुद्दों पर सनक के साथ मिलकर काम करने और रोडमैप २०३० को लागू करने की इच्छा व्यक्त की। ब्रिटेन के प्रधाानमंत्री ऋषि सुनक ने ट्वीट किया, ष्मेरे कार्यभार संभालने पर आपकी बधाई के लिए धन्यवाद। ब्रिटेन और भारत बहुत कुछ साझा करते हैं। मैं उत्साहित हूं कि हम दोनों देशों के बीच सुरक्षा, रक्षा और आर्थिक साझेदारी को आने वाले दिनों में कैसे आगे बढ़ा सकते हैं।'

## रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच मॉस्को जाएंगे विदेश मंत्री जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ८ नवंबर को मास्को में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत करेंगे। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा, ष्मंत्री द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति और अंतरराष्ट्रीय एजेंडे पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने अभी तक जयशंकर की प्रस्तावित यात्रा पर कोई टिप्पणी नहीं की है, जो दो सप्ताह पहले क्रीमिया में एक बड़े विस्फोट के बाद रूस और यूक्रेन के बीच शत्रुता की एक नई लहर के मद्देनजर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ–साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से बात की है। ४ अक्टूबर को जेलेंस्की के साथ एक कल पर पीएम मोदी ने कहा कि कोई सैन्य समाधान नहीं हो सकताष्और भारत किसी भी शांति प्रयासों में योगदान देने के लिए तैयार है। १६ सितंबर को समरकंद में पुतिन के साथ एक द्विपक्षीय बैठक में मोदी ने रूसी राष्ट्रपति से कहा कि ष्आज का युग युद्ध का नहीं है। जबकि भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है, सरकार इस बात पर कायम रही है कि कूटनीति और बातचीत के माध्यम से संकट का समाधान किया जाना चाहिए। यूएनजीए के दौरान विदेश मंत्री ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और यूक्रेन पर विचारों का आदान–प्रदान किया था।



जयशंकर ने ट्वीट करते हुए कहा कि यूएनजीए ७७ पर एफएम सर्गेई लावरोव के साथ व्यापक बातचीत। हमारे द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। यूक्रेन, जी –२० और संयुक्त राष्ट्र सुधारों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। बैठक लावरोव के उच्च स्तरीय संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस को संबोधित करने से कुछ घंटे पहले आयोजित की गई थी, जहां उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार का आह्वान किया और विस्तारित सुरक्षा परिषद में भारत का समर्थन किया।

## सोशल मीडिया पर हिट हुआ अपराध के विरुद्ध योगी मॉडल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अपराध पर नियंत्रण करने के योगी सरकार के कारगर उपायों की चर्चा सोशल मीडिया पर जमकर हिट हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक



ओर से गुरुवार को सभी राज्यों में अपराध नियंत्रण पर विचार मंथन करने के मुद्दे पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित सम्मेलन में हिस्सा ले रहे थे, दूसरी ओर सोशल मीडिया पर हेशटेग योगीमडलअगेंस्टक्राइम ट्रेंड कर रहा था। गौरतलब है कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में सभी राज्यों के गृह मंत्रियों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन फरीदाबाद में किया गया है। कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी उत्तर प्रदेश के बतौर गृह मंत्री हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच गुरुवार को दिन में ट्विटर पर टॉप ट्रेंड में पहले स्थान पर 'हेशटेग योगीमडलअगेंस्टक्राइम' रहा। इसके साथ ही अपराधियों के खिलाफ योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के कारगर परिणामों की कार्यशाला में भी जमकर चर्चा हुयी। इस दौरान तमाम अन्य राज्यों ने भी उत्तर प्रदेश के 'योगी मॉडल' को फॉलो करने की पहल की है। इस हेशटेग को देर शाम तक सोशल मीडिया यूजर्स लगातार ट्वीट करते रहे। जिससे काफी समय तक यह हेशटैग टॉप पर बरकरार रहा। एक यूजर ने लिखा कि प्रदेश में योगी की अपराधों के खिलाफ नीति काफी सफल रही है, उसे अब दूसरे राज्य भी अपना रहे हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा कि अपराध घटने से प्रदेश में भारी निवेश आने की संभावना है। एक यूजर ने तो लिखा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों में सजा दिलाने के मामले में प्रदेश पहले स्थान पर है। यह रामराज्य की ओर बढ़ते कदम हैं।

## छठ पूजा पर चलेंगी २५६३ अतिरिक्त बसें

लखनऊ। छठ पर्व पर पूर्वांचल जाने वालों के लिए राहतभरी व अच्छी खबर है। पर्व पर यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधा देने के लिए रोडवेज ने कमर कस ली है। रोडवेज यात्रियों की मांग और भारी भीड़ को देखते हुये २५६३ अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है। राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने बताया कि छठ पर्व पर यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुये रोडवेज बसों का अधिक से अधिक संचालन किया जा रहा है। अत्यधिक भीड़ को देखते लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश (आगरा मेरठ सहारनपुर अलीगढ़ बरेली गोरखपुर दिल्ली से गोरखपुर, बलिया, वाराणसी, प्रयागराज के लिए अतिरिक्त बसें उपलब्ध रहेगी। लखनऊ कानपुर से विशेषकर पूर्वांचल के लिए अधिक से अधिक परिवहन सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। छठ पर्व की वापसी के लिए दिल्ली तक के लिए सेवाएं बलिया आजमगढ़ प्रयागराज वाराणसी गोरखपुर देवरिया बस्ती से उपलब्ध रहेगी।

## अखिलेश के आरोप पर EC ने सबूत पेश करने को कहा

लखनऊ। चुनाव आयोग ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सार्वजनिक मंचों पर लगाए गए उनके आरोपों को साबित करने के लिए सबूत पेश करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने भाजपा के इशारे पर लगभग सभी यूपी विधानसभा क्षेत्रों में यादव और मुस्लिम समुदायों के मतदाताओं के २०,००० नाम जानबूझकर हटा दिए जाने के आरोप पर अखिलेश को इसे साबित करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को १० नवंबर २०२२ तक आयोग को विवरण प्रस्तुत करने को कहा है, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। यादव को इतनी बड़ी संख्या में हटाए जाने का विधानसभा–वार डेटा प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। गौरततलब है कि सपा के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए अखिलेश यादव ने दावा किया था कि चुनाव आयोग ने बीजेपी के साथ मिलकर ये सुनिश्चित किया है कि हर निर्वाचन क्षेत्र में उनकी पार्टी के कम से कम २० हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने में सक्षम नहीं है। सपा प्रमुख अखिलेश ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि लोगों को भी यकीन नहीं था कि ये सरकार कैसे बनी। इन लोगों ने अपकी सरकार छीन ली है। उत्तर प्रदेश में सपा ने सरकार बनाई थी। पूरी मशीनरी का उपयोग करके आपकी सरकार छीन ली गई। वे जानते थे कि अगर वे यूपी सरकार खो देते हैं तो केंद्र की सरकार गिर जाएगी।

## हेट स्पीच मामले में आजम खान दोषी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को २०१६ के हेट स्पीच मामले में



गुरुवार को दोषी ठहराया गया। दोषी ठहराने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में ले लिया गया। सजा आज ही बाद में सुनाई जाएगी। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट आंजनेय कुमार सिंह के खिलाफ कथित रूप से भड़काऊ टिप्पणी करने के आरोप में आजम खान के खिलाफ ६ अप्रैल २०१६ को रामपुर के मिलक कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था।


# सम्पादकीय

## नए दौर के उद्घाटन की चुनौती

मल्लिकार्जुन खड़गे के राजनीतिक अनुभव और योग्यता पर तो कोई प्रश्न खड़ा नहीं किया जा सकता। लेकिन जिस मुश्किल वक्त में उन्होंने कांग्रेस की कमान संभाली है, उसके बीच यह प्रश्न जरूर मौजूद है कि आखिर इस पार्टी को उनसे कितनी आस जोड़नी चाहिए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने भारत की राजनीति के व्याकरण और संदर्भ बिंदु को बदल दिया है। इससे हिंदू मानस के एक बड़े हिस्से पर आरएसएस की सोच और राजनीतिक व्यवस्था पर भाजपा सरकार का लगभग वर्चस्व बन गया है। कांग्रेस के लिए अच्छी बात यह है कि उसके नेता राहुल गांधी ने इस स्थिति की समझ रखने के ठोस संकेत हाल के वर्षों में दिए हैं। इसीलिए उन्होंने परंपरागत तरीकों से सियासत करने के बजाय 'भारत जोड़ो यात्रा' का कठिन और तपस्या भरा रास्ता चुना है। यह भी अच्छी बात है कि कांग्रेस के नेता इस यात्रा से तुरंत अपनी पार्टी के पुनरुद्धार की उम्मीद नहीं जोड़े हुए हैं। बल्कि वे कहते हैं कि यह लंबा सफर है। आशा है कि खड़गे भी इस हकीकत से परिचित होंगे। उन्हें यह अहसास भी होगा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' राहुल गांधी के नैतिक और राजनीतिक कद को लगातार ऊंचा बना रही है। इससे बिना किसी पद पर रहे भी वे ही पार्टी के सर्वोच्च नेता की हैसियत में रहेंगे। खड़गे के सामने इन हकीकतों के बीच अपनी ऐसी भूमिका बनाने की चुनौती है, जिससे वे तमाम सीमाओं और समस्याओं के बावजूद अपनी छाप छोड़ सकें। 'भारत जोड़ो यात्रा' ने भाजपा के वर्चस्व के बीच बने गतिरोध को एक हद तक तोड़ा है। इसके बावजूद यह यात्रा अभी देश के सामने ऐसा एजेंडा या सपना रखने में सफल नहीं हुई है, जिससे लोग उत्साहित होकर कांग्रेस को भविष्य के विकल्प के रूप में देख पाएं। इसी बिंदु पर खड़गे की महत्त्वपूर्ण भूमिका बनती है। खड़गे इंदिरा गांधी के समाजवादी दौर से लेकर मनमोहन सिंह के नव–उदारवादी दौर तक कांग्रेस के साथ रहे हैं। अब पार्टी के सामने एक नए दौर के उद्घाटन की चुनौती है। तो प्रश्न है कि क्या खड़गे इसे संयोजित करने में कोई योगदान कर पाएंगे?

## छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए नगर विकास मंत्री ने कहा बेहतर हो सफाई व्यवस्थाः एके शर्मा

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दीपावली त्यौहार के बाद की साफ–सफाई एवं आगामी छठ पर्व के ष्टिगत की जाने वाली व्यवस्था को लेकर आज गुरुवार को अहम दिशा निर्देश जारी किए हैं। मंत्री शर्मा अपने १४ कालिदास आवास से सभी नगरीय निकाय के अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि सभी नगरीय निकायों में साफ–सफाई, बरसात से हुए जलभराव तथा सड़कों और मार्गों में हुए गड्ढों, साथ ही मच्छर जनित बीमारियों, डेंगू, चिकनगुनिया एवं संचारी रोग की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा दवा का छिड़काव एवं फागिंग आदि कार्य युद्ध स्तर पर कराए जाएं, जिससे लोगों को शीघ्र राहत मिले। उन्होंने बरसात में मार्गो व सड़कों में हुए गड्ढों को शीघ्र भरने तथा मार्ग प्रकाश व्यवस्था को भी सुचारू करने के निर्देश दिए। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार जनहित के कार्यों के लिए पूरी तरह से सचेत एवं संकल्पित है। अधिकारियों को भी सरकार की मंशा अनुरूप कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि दीपावली त्यौहार के बाद से कुछ जगहों से साफ सफाई को लेकर शिकायतें आई हैं, जिसको गंभीरता



से लेकर पूर्व की भांति चाक चौबंद सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सफाई में किसी भी प्रकार की कोताही व लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने को कहा। उन्होंने कहा कि दीपावली त्यौहार में लोग अपने घरों की विधिवत सफाई करते हैं, जिससे बड़ी मात्रा में कूड़ा घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों से निकलता है,जिसका डोर टू डोर कलेक्शन, कूड़ा उठान एवं इसके निस्तारण की पूरी व्यवस्थित तैयारी की जानी चाहिए थी। लेकिन शिकायतें बता रहीं हैं कि सफाई कार्य में ढिलाई बरती गई है। मंत्री शर्मा आगामी छठ पर्व पर साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। कहीं पर भी सफाई का अभाव न दिखे। खासतौर से पूजा स्थलों एवं नदी व तालाबों के घाटों कि बेहतर साफ सफाई सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में छठ पर्व पर व्यापक स्तर पर पूजा होती है, जिस पर महिला श्रद्धालु एवं बच्चे भी भाग लेते हैं। कहीं पर भी अप्रिय घटना न हो, इसके लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन से मिलकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं। प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं व बच्चों को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए जलधारा में बैरिकेडिंग भी कराई जाए। उन्होंने नदियों एवं पूजा स्थलों पर फूल, माला, फलों व अन्य पूजा सामग्री के जल में प्रवाह को रोकने के लिए जलधारा में ही अर्पण कलश बनाने के लिए भी कहा, जहां पर श्रद्धालु अपनी पूजा सामग्री को श्रद्धा से अर्पित कर सकें और जल् भी प्रदूषित न हो।

## यूपी परिवहन निगम के २४ बस स्टेशनों पर मिलेगी एयरपोर्ट जैसी हाईटेक सुविधाएं–दयाशंकर सिंह

लखनऊ। राज्य सड़क परिवहन निगम के तहत संचालित रोडवेज के २४ बस स्टेशनों पर आने वाले दिनों में एयरपोर्ट जैसी हाईटेक सुविधाएं मिलने लगेंगी। पहले चरण में प्रदेश के १६ जिलों के चौबीस बस अड्डों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी मॉडल)पर तेजी से विकसित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुये परिवहन मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश के परिवहन यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की हाईटेक सुविधाएं देने के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह तत्पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिले जिससे उनकी यात्रा सुगम व आरामदायक हो। परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रदेश के सोलर जिलो में २४ बस अड्डों को अत्याधुनिक बनाने के लिए अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में टेंडर जारी कर दिये जायेंगे। जल्द ही प्रक्रिया पूरी कर तेजी से इसका कार्य शुरु हो जायेगा । आगामी एक वर्ष में यह कार्य पूरा कर यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाओं की सौगात दी जायेगी। इन बस स्टेशनों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां आने वाले यात्रियों के खाने–पीने से लेकर वेटिंग रूम, रेस्ट रूम समेत तमाम अनेक हाइटेक सुविधाएं एक छत के नीचे मिलेंगी। प्रदेश सरकार यात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए रोडवेज की हाईटेक बसों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। काफी संख्या में एसी बसों का संचालन किया जा रहा है। ई–टिकटिंग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बस अड्डों का सुनियोजित विकास भी इसी दिशा में उठाया




गया कदम है। वहीं राज्य सड़क परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार ने बताया कि बस अड्डों को अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से लैस करने के लिए पीपीपी मॉडल के तहत पूरी प्लानिंग कर ली गई है। अक्टूबर में प्रथम चरण के तहत १६ जनपदों में २४ अड्डों को चिन्हित कर उन्हें विकसित करने के लिए टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। इस प्रक्रिया के दूसरे चरण में ३५ बस अड्डों को चुना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यह कदम उठाया जा रहा है, ताकि विभिन्न गंतव्यों की ओर जाने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं प्रदान की जा सकें। इस प्रक्रिया के तहत परिवहन निगम बस अड्डों के लिए सिर्फ जमीन मुहैया कराएगा। उस पर प्राइवेट पार्टी बस स्टेशन बनाकर देगी। कुछ वर्षों तक यह बस अड्डे प्राइवेट पार्टी के पास लीज पर रहेंगे जबकि मेंटीनेंस का जिम्मेदारी भी पूरी तरह प्राइवेट पार्टी का रहेगा। परिवहन निगम ने मेंटीनेंस के लिए ३५ साल की अवधि तय की है। इसे यात्रियों की मांग के अनुसार आगे बढ़ाया जा सकता है। बस अड्डे का ७० प्रतिशत एरिया खुला रहेगा, जहां बसों का संचालन होगा। सिर्फ ३० प्रतिशत हिस्से पर ही भवन का निर्माण होगा। इन भवनों को मल की तरह विकसित किया जाएगा। यहां यात्रियों के लिए सभी सुविधाएं मिलेगी। तमाम फूड रिटेल चेन यहां मौजूद रहेंगे। खाने–पीने के साथ ही अन्य बड़ी खरीदारी की दुकानें भी रहेंगी। एस्केलेटर, लिफ्ट समेत तमाम अन्य सुविधाओं से इसे सुसज्जित किया जाएगा। इस योजना के तहत प्रदेश सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। पीपीपी मडल के तहत सरकार को सिर्फ जमीन मुहैया करानी है। यात्री सुविधाओं के लिए निर्माण से लेकर बाकी सभी जरूरी चीजों का प्रबंध व खर्च प्राइवेट पार्टी को करना होगा। जमीन पर भी सरकार को १ प्रतिशत डीएम सर्किल रेट के तहत लाभ मिलेगा। इसमें हर ३ साल में १० प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी।

## आजम खान को लेकर डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने किया ट्वीट



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को हेट स्पीच मामले में तीन साल की सजा सुनाई गयी है। इसको लेकर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया है। उन्होंने अपने सन्देश में लिखा कि आजम खान का राजनीतिक जीवन भाजपा और समाज के विरोध में भाषण देने के लिए जाना जाता है। साथ ही उन्होंने लिखा कि किसी भी व्यक्ति को अपनी भाषा को मर्यादा में बनाये रखना बेहद जरूरी है। केशव मौर्य ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है।

## लखनऊ में मिले पांच कोविड रोगी

लखनऊ। राजधानी में गुरुवार को पांच कोविड रोगी पाये गये। इसमें ०१ पुरूष और ४ महिला रोगी है। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल ने बताया कि कुल नौ व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए। जनपद में एक्टिव केसों की संख्या ४२ है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को चिनहट–१, आलमबाग–१, अलीगंज–१, इन्दिरानगर–१ कोविड धनात्मक रोगी मिले।

## लखनऊ जेल में बहनों ने की भाइयों से मुलाकात

लखनऊ। भाई बहनों के अटूट प्रेम का पर्व कहे जाने वाले भाई दूज के मौके पर आज लखनऊ जिला कारागार में भी बहनों ने भाइयों को टीका लगाकर भगवान से लम्बी उम्र की कामना की है। इसके लिए जेल प्रशासन ने सभी जरुरी बंदोबस्त किये हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि भाई दूज पर सिर्फ महिलाओं की होगी मुलाकात की अनुमति दी गई है, दिन में ११ बजे से ४ बजे तक अनुमति है। उन्होंने बताया करीब २०० से अधिक बहनों ने भाइयों को टीका लगाया है।

# अस्पतालों से शव को घर पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें अधिकारीः ब्रजेश पाठक

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सरकारी अस्पतालों में अगर मरीज की मृत्यु हो जाती है तो ऐसी परिस्थिति में शव को ले जाने की व्यवस्था शव वाहन के माध्यम से निश्चित रूप से सुनिश्चित की जाये। भविष्य में शव वाहन के अभाव में शव को न भेजने की शिकायत प्राप्त होने पर इसका पूरा उत्तरदायित्व जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी या मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का होगा। ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को सभी सीएमओ को निर्देश दिये कि अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों, पैरामेडिकल और अन्य कर्मियों की समय से उपस्थिति जरूर देखी जाये। साथ ही देखा जाये कि अस्पताल की दीवार पर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ के नाम व मोबाइल नंबर के अलावा उपलब्ध दवाओं की सूची अंकित है या नहीं। उन्होंने कहा, अस्पतालों में मरीजों एवं उनके तीमारदारों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था तथा साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था, मरीजों के लिए स्ट्रेचर– व्हील चेयर की उपलब्धता और चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता और अंतः रोगी भर्ती की स्थिति पर विशेष



ध्यान दिया जाय। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी सीएमओ हर सोमवार को बीते सप्ताह में अपने द्वारा निरीक्षण किये गये स्वास्थ्य केन्द्रों की सूची महानिदेशालय को ई–मेल पर उपलब्ध कराये। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, जिला चिकित्सालयों व मंडलीय अस्पतालों में आकस्मिक कक्ष में आने वाले मरीजो की सुविधा में प्रवेश द्वार पर एक स्वास्थ्य कर्मी को तैनात किया जाए। स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल की वर्दी (यूनीफार्म) में व्हील चेयर स्ट्रेचर इत्यादि के साथ उपलब्ध होना चाहिये। इस कर्मी पर इमरजेंसी में मरीज को तत्काल इलाज उपलब्ध कराने में सहयोग करने की जिम्मेदारी होगी। ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिये हैं कि अस्पतालों में रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) कराने में किसी को दिक्कत न हो, इसके लिए वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, गर्भवती महिलाओं तथा आयुष्मान भारत के कार्डधारकों के लिए अलग काउन्टर बनाया जाये। अस्पताल में समस्त कर्मचारी वर्दी (यूनीफार्म) पहनकर अपनी ड्यूटी करें। इसके अतिरिक्त डिस्चार्ज प्रपत्र और पैथालजी से सम्बन्धित निर्गत प्रपत्र (रिपोर्ट) पर सबसे नीचे की पंक्ति पर "हम आपके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना करते हैं", का अंकन किया जाना सुनिश्चित करें।

## पारा थाना क्षेत्र में दबंगों ने बीच सड़क पर पुलिसकर्मी को दौड़ाकर पीटा

लखनऊ। लखनऊ में कमिश्नरेट व्यवस्था लागू है, हर दिन राजधानी पुलिस को सरकार भी हाइटेक बताती है, लेकिन बीती रात पुलिस कर्मी की बीच सड़क पर जो पिटाई का वीडियो वायरल हुआ है उसे हाईटेक पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा है। पारा थाना क्षेत्र की घटना है। वीडियो में दबंगों द्वारा पीटे जा रहे हैं रहे पुलिसकर्मी का नाम श्रीकांत है। पारा थाना प्रभारी ने बताया घटना बीती देर रात की है आरोपियों की पहचान कर ली गई गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। हलाकि श्रीकांत की पोस्टिंग बंथरा थाने में है, घटना स्थल दोनों थानो का बर्डर है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। वायरल वीडियो में चार युवक एक पुलिसकर्मी को रात के



वक्त बीच सड़क पर दौड़ा–दौड़ा कर पीटते नजर आ रहे है। इतना ही नहीं सड़क पर गिरे पुलिस वाले के मोबाइल को भी एक युवक पटककर टुकड़े–टुकड़े करता दिखाई पड़ रहा है। पूरे मामले को मौके पर मौजूद एक शख्स ने वीडियो बनाकर वायरल भी किया और पारा थाना प्रभारी को भी सौंपा है। दीवान श्रीकांत बुधवार देर रात गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक बाइक पर हल्ला मचाते घूम रहे चार युवकों को रोका और उन्हें ऐसा करने से मना किया। जिसके बाद चारों युवक दीवान श्रीकांत से उलझ गए और उनके साथ अभद्रता करने लगे। इसके बाद चारों युवकों ने दीवान की बीच सड़क पिटाई शुरू कर दी है।

# जल्द ही प्रदेश के हर मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध होगी लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट

लखनऊ। जल्द ही प्रदेश के हर मेडिकल कॉलेज में लिक्विड ऑक्सीजन उपलब्ध होगी। कॉलेजों में सिलेंडर से आक्सीजन की निर्भरता कम हो जाएगी। राजकीय मेडिकल कॉलेजों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन के प्लांट लगाए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ४१ कॉलेजों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्था करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव व कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये हैं। लिक्विड मेडिकल अक्सीजन (एलएमओ) प्लांट लगाने के लिए लाइसेंस समेत दूसरे संसाधन जुटाने की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार 'वन डिस्ट्रिक्ट–वन मेडिकल कॉलेज अभियान' के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज तैयार किए जा रहे हैं। इन मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई की अच्छी सुविधा के साथ ही मरीजों के इलाज के लिए भी समुचित संसाधन जुटाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी के



तहत मेडिकल कॉलजों में लिक्विड मेडिकल प्लांट लगाने पर भी जोर दिया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार उप मुख्यमंत्री ने फिलहाल ४१ मेडिकल कॉलेजों में प्लांट लगाने के निर्देश दिये हैं। लगभग एक दर्जन मेडिकल कॉलेजों को पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी आर्गेनाइजेशन (पीईएसओ) से लाइसेंस मिल गया है। इनमें गोरखपुर, आगरा, कानपुर, मेरठ, झांसी, बांदा, अयोध्या, बस्ती, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, देवरिया, प्रतापगढ़ के राजकीय मेडिकल कलेज शामिल हैं, जबकि अंबेडकर नगर, कन्नौज, बदायूं, बहराइच, फतेहपुर, गोंडा, कौशांबी, गाजीपुर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, एटा, प्रयागराज, जालौन, जौनपुर, हरदोई, मिर्जापुर, ललितपुर व चंदौली के मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। बिजनौर, पीलीभीत, औरैया, सुल्तानपुर, सोनभद्र, बुलंदशहर, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, कुशीनगर और अमेठी में लाइसेंस के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## मुख्यमंत्री योगी और अखिलेश यादव ने प्रदेशवासियों को दी भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा की बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज के पर्व की प्रदेश वासियों को बधाई दी है। सीएम योगी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, "भाई–बहन के स्नेह और अटूट विश्वास के प्रतीक, सनातन परंपरा के वाहक, पावन पर्व 'भैया दूज' की समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई। प्रेम, समर्पण व कर्तव्यपरायणता का यह पर्व सभी के जीवन में अपार खुशियां लाए, यही कामना है।" योगी ने आज चित्रगुप्त पूजा की भी शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा, "परमपिता ब्रह्मा जी के दिव्य अंश, भगवान चित्रगुप्त जी के पूजन–दिवस पर प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान चित्रगुप्त सभी को सन्मार्ग का पथिक बनाएं, सभी के अंतस में सद्कर्मों की प्रेरणा का संचार करें,



यही कामना है।" इस दौरान प्रदेश विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी भाई दूज की बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, "समस्त देशवासियों को 'भाई दूज' के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।" गौरतलब है कि देश के प्रमुख पर्व दीपावली के बाद भाई दूज और भगवान चित्रगुप्त की पूजा का पर्व मनाया जाता है।

## लखनऊ में डेंगू बुखार के बढ़ रहे मरीज

लखनऊ। लखनऊ में डेंगू बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। गुरुवार को भी २३ नये मरीज मिल हैं। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के तहत चंदननगर ५, सिल्वर जुबली १, इंदिरानगर ४, चिनहट ३, अलीगंज ४ सरोजनी नगर ३, मोहनलालगंज १, एनके रोड २, में केस पाए गए। आज लगभग १४०० घरों एवं आस–पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल "३" घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय महानगर, पुलिस चौकी निशान्तगंज, थाना महानगर एवं जनपद के विभिन्न स्थलों/भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया।

## ट्रामा सेंटर की ओटी में हानिकारक बैक्टीरिया की अफवाह से हड़कंप

लखनऊ । केजीएमयू के ट्रामा सेंटर स्थित ओटी में बैक्टीरिया मिला है। जिसको लेकर इसे नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टीरिया का कयास लगाया जाने लगा, इसके बाद वहां पर हड़कंप मच गया। हालांकि विशेषज्ञों ने ओटी में मिले बैक्टीरिया को सामान्य बैक्टीरिया करार दिया है। दरअसल,केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में स्थित ओटी की हर महीने कल्चर जांच कराई जाती है। जिससे ओटी में हानिकारक बैक्टीरिया की जानकारी हो सके और मरीजों को संक्रमित होने से बचाया जा सके। इस बार भी ओटी की जांच हुई थी,रिपोर्ट आने के बाद ओटी में बैक्टीरिया होने की बात सामने आई। जिससे हड़कंप मच गया,लेकिन विशेषज्ञों ने ओटी में मिले बैक्टीरिया से किसी प्रकार के संक्रमण की बात से इंकार किया है। केजीएमयू के माइक्रोबयोलजी विभाग की तरफ से ओटी में बैक्टीरिया की जांच की थी,जिसके बाद स्टेफिलोकोकस व बैसिलस बैक्टीरिया मिले हैं। केजीएमयू के ट्रामा प्रभारी प्रो.संदीप तिवारी ने बताया कि जो बैक्टीरिया मिले हैं,वह बैक्टीरिया सामान्य तौर पर हवा में मिलते हैं। हमलोग हर महीने ओटी का कल्चर कराते हैं। इस बार भी ओटी कल्चर कराया गया था। इस दौरान जो बैक्टीरिया मिले हैं। इससे मरीजों को कोई नुकसान नहीं होता है।

## बदमाशों ने महिला से की लूट, शिकायत दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

लखनऊ। लखनऊ में आये दिन चेन लूट और टपपेबाजी की घटनाएं हो रहीं हैं। वहीं सभी चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे फेल साबित होते दिख रहे हैं। गुरुवार को लखनऊ के हजरतगंज रेंज में आने वाले नरही में एक महिला से बदमाशों ने उसके जेवर लूट लिए। पीड़ित बुजुर्ग महिला ने इसकी शिकायत हजरतगंज पुलिस से की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। हजरतगंज कोतवाली प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने बताया पार्क रोड स्थित नरही निवासी शांति देवी से हुई गहनों की लूट के मामले में शिकायत दर्ज की गई है। संबंधित चौकी प्रभारी को जांच के आदेश दिए गए हैं। कोतवाली प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने बताया आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी निकलवाई जा रही है। फिलहाल अभी तक ऐसी कोई फुटेज सामने नहीं आई है जिससे बदमाशों की पहचान हो सके।

## संक्रामक बीमारियों की रोकथाम को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिए निर्देश

लखनऊ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों रोजाना पांच अस्पतालों का निरिक्षण करने के निर्देश दिए



हैं। उन्होंने ये निर्देश यूपी में संक्रामक बिमारियों डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के चलते दिए। स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को कहा, प्रदेश सरकार द्वारा चिकित्सा सेवाएं दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मौसम बदल रहा है, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सभी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमओ को दिये जा चुके हैं। मरीज की पुष्टि होने के बाद उसके आसपास रहने वाले ६० लोगों की स्क्रीनिंग कराई जा रही है। जिसका लाभ मिल रहा है मरीजों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण मिल रहा है। इसके अलावा सभी जनपदीय व मंडलीय अस्पतालों के साथ ही अन्य सभी सीएचसी में १०–१० बेड आरक्षित रखने को निर्देश दिये जा चुके हैं। डेंगू व अन्य बुखार की जांच आदि की सुचारू व्यवस्था की निगरानी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को करनी है। साथ ही इसकी विस्तृत रिपोर्ट शासन को भी भेजनी होगी।

## राम मंदिर परिसर का ५० फीसद निर्माण कार्य पूरा

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करा रहे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा



है कि मंदिर निर्माण का ५० प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और कार्य प्रगति संतोषजनक है। ट्रस्ट ने दीपावली के एक दिन बाद मंगलवार को मीडिया को उस जगह जाने की इजाजत दी जहां से मंदिर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया जा सकता है। ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने यहां संवाददाताओं को बताया, 'मुख्य मंदिर का ४० प्रतिशत और कुल मिलाकर परिसर में ५० प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। हम निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता से संतुष्ट हैं।' भ्रमण के दौरान संवाददाताओं को उस स्थान पर भी ले जाया गया जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले शनिवार को मंदिर निर्माण कार्य का जायजा लिया था। राय ने बताया कि मंदिर निर्माण में १८०० करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि मंदिर का प्रथम तल दिसम्बर २०२३ तक बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि उसके बाद मकर संक्रांति पर १४ जनवरी २०२४ को मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी और उसे श्रद्धालुओं के लिये खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट ने मंदिर परिसर में प्रमुख साधु–संतों की प्रतिमाएं लगवाने के लिए स्थान निर्धारित करने का भी फैसला किया है।

## बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ वॉकथॉन

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता अभियान (१६ अगस्त २०२२ से १५ नवंबर २०२२) के अंतर्गत गुरुवार को "वॉकथॉन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की थीफ विजिलेंस अफिसर प्रोफेसर सुनीता मिश्रा समेत गृह विज्ञान विद्यापीठ के संकाय सदस्यों, विवि के विभिन्न विभागों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सभी ने विवि के गौतम बुद्ध केंद्रीय पुस्तकालय से लेकर विवि के अम्बेडकर भवन तक पैदल मार्च किया। विद्यार्थियों ने हाथों में भ्रष्टाचार खत्म करने से जुड़े स्लोगन वाली तख्तियां पकड़ सभी को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए जागरूक किया। इसके साथ ही प्रशासनिक भवन के अंदर विभिन्न दफ्तरों में भी कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ सतर्कता बरतने के लिए जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में विवि के कुलसचिव डॉ अश्विनी कुमार भी उपस्थित रहे।

## विवाहित महिला से परिवार का घरेलू काम करने के लिए कहना क्रूरता नहीं : उच्च न्यायालय

मुंबई। यदि एक विवाहित महिला से कहा जाता है कि वह परिवार के लिए घरेलू काम करे, तो इसकी तुलना घरेलू सहायिका के काम से नहीं की जा सकती और इसे क्रूरता नहीं माना जाएगा। बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने एक महिला की ओर से दर्ज कराये गये मामले पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। महिला ने अलग रह रहे पति और उसके माता–पिता पर घरेलू हिंसा और क्रूरता के तहत मामला दर्ज कराया था जिसे उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति विभा कांकनवाड़ी और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की खंडपीठ ने २१ अक्टूबर को उस व्यक्ति और उसके माता–पिता के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी को रद्द कर दिया। महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि विवाह के बाद एक महीने तक ही उसके साथ अच्छा व्यवहार किया गया, लेकिन इसके बाद उससे घरेलू सहायिका की तरह व्यवहार किया जाने लगा। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति और सास–ससुर ने शादी के एक महीने बाद चार पहिया वाहन खरीदने के लिए चार लाख रुपये मांगना शुरू कर दिया। उसने अपनी शिकायत में कहा कि इस मांग को लेकर उसके पति ने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि महिला ने केवल इतना कहा है कि उसे प्रताड़ित किया गया, लेकिन उसने इस तरह के किसी विशेष`त्य का अपनी शिकायत में जिक्र नहीं किया। अदालत ने कहा कि अगर विवाहित महिला से परिवार के लिए घर का काम करने को कहा जाता है तो इसकी तुलना घरेलूसहायिका के काम से नहीं की जा सकती। अदालत के अनुसार, अगर महिला की दिलचस्पी घर का काम करने में नहीं है तो उसे यह बात विवाह से पहले स्पष्ट कर देना चाहिए ताकि पति और पत्नी बनने से पहले विवाह पर पुनः विचार किया जा सके। अदालत के अनुसार, अगर महिला विवाह के बाद कहती है कि वह घर का काम नहीं करना चाहती तो ससुराल वालों को इसका हल जल्द निकालना चाहिए।

## प्रेम प्रसंग को लेकर सेना के जवान की गोली मारकर हत्या

अलीगढ़। दीवाली मनाने घर आए सेना के २४ वर्षीय जवान की अलीगढ़ के पास उसकी प्रेमिका के पति और सात अन्य लोगों ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पीड़ित, बीकन कुमार और उसका चाचा अपनी कार में अलीगढ़ जा रहे थे, जब आठ लोगों ने उन पर डंडों और धारदार वस्तुओं से हमला किया, जिन्होंने जवान की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना टप्पल थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव की है। बीकन कुमार के पिता जनता सिंह ने कहा, मेरे बेटे और एक आरोपी की पत्नी के बीच संबंध थे। उसे उसके पति, विजयपाल, उसके भाई बबलू और उनके परिवार के छह अन्य सदस्यों ने मार दिया। टप्पल थाने में आईपीसी की धारा ३०२ (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और विजयपाल अभी फरार है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने कहा, विजयपाल की पत्नी के साथ संबंध को लेकर व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। आठ लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, जिनमें से तीन को पकड़ लिया गया है। मृतक के भाई प्रेमवीर सिंह ने कहा, बीकान कुमार २०१७ में भारतीय सेना में चयनित हो गया था और होशियारपुर में तैनात था। जब वह मेरे चाचा और अन्य लोगों के साथ घर से निकला, तो कुछ ग्रामीणों ने उसकी कार पर हमला किया और उसके सिर में गोली मार दी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले पर सुनवाई खत्म, ८ नवंबर को आएगा कोर्ट का फैसला

वाराणसी। वाराणसी जिला अदालत गुरुवार को ज्ञानवापी मस्जिद और श्रृंगार गौरी मामलों की सुनवाई पूरी कर ली है। इस जगह को हिंदुओं को सौंपने के लिए हिंदू पक्ष द्वारा जिला अदालत में मांग की गई है। मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक के अलावा इबादत की इजाजत मांगने वाली याचिका भी दायर की गई है। हालांकि कोर्ट ने अगली सुनवाई तक इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने आदेश के लिए ८ नवंबर की तारीख नियत कर दी है। ज्ञानवापी मस्जिद मामले में सर्वेक्षण के दौरान हिंदू पक्ष ने दावा किया कि वजूखाना में एक कथित शिवलिंग पाया गया था। जिसके बाद कोर्ट में एक और अर्जी दाखिल की गई। उस याचिका में कोर्ट से उक्त शिवलिंग की पूजा करने की इजाजत मांगी गई है। इसके अलावा याचिका में मांग की



गई है कि उक्त शिवलिंग का स्थान हिंदू पक्ष को सौंपा जाए। जबकि याचिका में मुसलमानों के प्रवेश पर रोक लगाने की भी मांग की गई है। इससे पहले बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी विवाद से जुड़े एक मामले की सुनवाई की. हालांकि इलाहाबाद हाईकोर्ट में यह सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। इंतजामिया कमेटी ने बुधवार को कोर्ट में अपनी दलीलें पेश कीं। मस्जिद समिति ने बुधवार को वक्फ अधिनियम और पूजा स्थल अधिनियम १९९१ का उल्लेख किया। हालांकि बुधवार को मस्जिद कमेटी की चर्चा पूरी नहीं हो सकी। कोर्ट अब इस मामले की सुनवाई ३ नवंबर को करेगी। मुस्लिम पक्ष पहले ३ नवंबर की सुनवाई में अपनी दलीलें खत्म करेगा। उसके बाद विपक्ष को अपना पक्ष रखने का मौका मिलेगा। ज्ञानवापी मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने इस मामले में राखी सिंह और पांच महिला वादी और यूपी सरकार समेत १० लोगों को पक्षकार बनाया है।

## 12 उच्च शिक्षण संस्थान करेंगे यूपी की बेसिक शिक्षा का आकलन

लखनऊ। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अब नया प्रयोग होने जा रहा है। विभाग की योजनाओं और स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था का आकलन प्रदेश के १२ उच्च शिक्षण संस्थान भी करेंगे और सुधार में भी सहयोग करेंगे। इन सभी उच्च शिक्षण संस्थानों से विभाग ने नवम्बर २०२२ से एक साल तक के लिए अनुबंध किया है। प्रयागराज स्थित गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान्र, लखनऊ स्थित गिरि विकास अध्ययन संस्थान, आगरा स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, मेरठ स्थित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, कानपुर स्थित छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विवि, बुंदेलखण्ड विवि, ज्योतिबा फूले रुहेलखाण्ड विवि, लखनऊ विश्वविद्यालय, अयोध्या स्थित राम मनोहर लोहिया विवि।

# गृहमंत्री सम्मेलनः गैर भाजपा सीएम ने बनाई दूरी, मान और विजयन हुए शामिल


सूरजकुंड। केंद्र द्वारा बृहस्पतिवार को यहां आयोजित राज्यों के गृहमंत्रियों के चिंतन शिविर में अपने प्रदेशों में गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे ज्यादातर गैर भाजपा मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा नहीं लिया। गृह विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे गैर–भाजपा मुख्यमंत्रियों में ममता बनर्जी (पश्चिम बंगाल), नीतीश कुमार (बिहार), नवीन पटनायक (ओडिशा) और एम के स्टालिन (तमिलनाडु) हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में केवल दो गैर–भाजपा मुख्यमंत्री– पंजाब के भगवंत मान और केरल के पिनराई विजयन शामिल हुए। बाकी गैर–भाजपा राज्यों का प्रतिनिधित्व या तो कैबिनेट मंत्री या गृह विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री द्वारा किया गया।



बृहस्पतिवार को शुरू हुए दो दिवसीय सम्मेलन में मान और विजयन के अलावा भाग लेने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर (हरियाणा), योगी आदित्यनाथ (उत्तर प्रदेश), हेमंत विश्व शर्मा (असम), एन बीरेन सिंह (मणिपुर), प्रमोद सावंत (गोवा), माणिक साहा (त्रिपुरा), पुष्कर सिंह धामी (उत्तराखंड) और प्रेम सिंह तमांग (सिक्किम) हैं। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित भी बैठक में शामिल हुए। पुरोहित चंडीगढ़ के प्रशासक भी हैं। बैठक में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और नगालैंड के उपमुख्यमंत्री वाई पैटन भी शामिल हुए। अधिकारियों के अनुसार, चिंतन शिविर के दौरान साइबर अपराधों की जांच, महिला सुरक्षा और तटीय सुरक्षा सुनिश्चित करने सहित आंतरिक सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# चाय से तीन की मौत, दो की हालत गंभीर

मैनपुरी। जहरीली चाय पीने से बृहस्पतिवार को दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से बीमार हो गये। पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित ने बताया कि मैनपुरी जिले में औंछा थाना क्षेत्र के नगला कन्हई गांव निवासी शिवनंदन के घर में बनी चाय पीने के बाद शिवनंदन, उसके बेटों शिवांग (छह) और दिव्यांश (पांच), ससुर रवींद्र सिंह (५५) और पड़ोसी सोबरन की हालत बिगड़ गयी। उन्होंने बताया कि पांचों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डक्टरों ने रवींद्र, शिवांग और दिव्यांश को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि सोबरन और शिवनंदन की हालत गम्भीर बतायी जा रही है और इस कारण उन्हें सैफई रेफर किया गया है। दीक्षित ने बताया



कि शुरुआती जांच में पता चला है कि शिवनंदन की पत्नी राममूर्ति ने धान में छिड़की जाने वाली खरपतवार नाशक दवा को अनजाने में चाय की पत्ती समझकर उसका उपयोग कर लिया जिससे चाय जहरीली हो गयी और यह हादसा हुआ।

# प्रयागराज में भीषण सड़क हादसे में ५ की मौत, ५ घायल

प्रयागराज। उत्तर प्रदे के प्रयागराज में गुरुवार को सुबह






हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक बच्चा और ०४ महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गयी। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे में हुयी जनहानि पर शोक प्रकट करते हुए जिला प्रशासन को तत्काल घायलों के उपचार की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। पुलिस के अनुसार यह हादसा आज सुबह करीब ०७ बजे प्रयागराज में वाराणसी मार्ग पर हंडिया टोल प्लाजा के पास हुआ। इसमें की ओर जा रही एक टवेरा गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में ०४ महिलाओं और १ बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि ०५ अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। मौके पर हंडिया थाना की पुलिस टीम ने पहुंच कर राहत एवं बचाव अभियान शुरु कराने के बाद घायलों को अस्पताल भिजवाया। गाड़ी में सवार सभी लोग ग्राम सराय लाल शिवगढ़ थाना सोरांव जिला प्रयागराज से चलकर विंध्याचल दर्शन करने जा रहे थे। मृतकों में रेखा पत्नी संजय अग्रहरि उम्र ४५ वर्ष, रेखा पत्नी रमेश उम्र ३२ वर्ष, कृष्णा देवी पत्नी स्वर्गीय श्यामलाल उम्र ७० वर्ष, कविता पत्नी स्वर्गीय दिनेश उम्र ३६ वर्ष और कुमारी ओजस उम्र ०१ वर्ष शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी ने इस सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। इसके साथ ही जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत कार्य को युद्धस्तर पर कराने के निर्देश दिए हैं।

# अद्भुत गाँव : जहाँ लोग नही पहनते जूते चप्पल

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

भारत बेहद खबूसूरत और अजीबों–गरीब परंपराओं से भरा देश है. यहां कई गांव हैं, जो अपने आप में अद्भुत और अनोखे






हैं. आज हम आपको कलिमायन नाम के एक ऐसे अनोखे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां के लोग चप्पल–जूते नहीं पहनते. जी हां, सुनकर हैरत जरूर हो रही होगी, लेकिन गांव की इस परंपरा के पीछे की वजह बड़ी दिलचस्प है.कलिमायण गांव तमिलनाडु के एक जंगल में बसा छोटा सा गांव है. इस गांव में लगभग १०० परिवार रहते हैं. रोचक बात तो देखिए कि इस गांव में कोई सड़क नहीं है, इसलिए यहां पहुचंने के लिए एक कठिन ट्रेक की जरूरत होती है. आप यह देखकर चौंक जाएंगे कि यहां घरों से ज्यादा मंदिर बसे हुए हैं. तो आइए जानते हैं इस खूबसूरत गांव और यहां के रहने वाले लोगों की इस अजीब परपरा के बारे में.रिपोर्ट्स के मुताबिक, देवता के सम्मान में गांव के लोग ऐसा करते हैं. हैरत की बात ये है कि, यहां ये नियम जबरदस्ती नहीं मनवाना पड़ता. लोग खुशी–खुशी इसका पालन करते हैं. हालांकि गांव के बाहर जाने के लिए लोग हाथों में जूते–चप्पल लेकर जाते हैं और गांव की सीमा के बाहर पहुंचते ही पहन लेते हैं. गांव में प्रवेश करने से पहले ही चप्पल–जूतों को हाथ में ले लेते हैं.,अगर इस गांव में कोई गलती से भी जूते या चप्पल पहन लेता है तो उसे कठोर सजा दी जाती है. बताया जाता है कि इस गांव के लोग अपाच्छी नामक देवता की सदियों से पूजा कर रहे हैं. वह मानते हैं कि अपाच्छी देवता ही उनकी रक्षा करते हैं. अपने देवता के प्रति आस्था की वजह से गांव की सीमा के अंदर जूते–चप्पल पहनने पर बैन है. आपको जानकर हैरानी हुई होगी, लेकिन इस गांव में रहने वाले लोग सदियों से इस अजीबो गरीब परंपरा को निभा रहे हैं. अगर किसी को बाहर जाना होता है तो वह हाथ में जूते चप्पल लेकर जाता है और गांव की सीमा खत्म होने के बाद उसे पहनता है. इसके बाद जब वे लौटकर आते हैं, तो गांव की सीमा से पहले ही जूता चप्पल उतार देते हैं।

# नेहरू ने कश्मीर मुद्दे पर की ‘गलतियां’, भाजपा का दावा- PM मोदी ने इसे सुधारा : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि जम्मू एवं कश्मीर के भारत में विलय को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गई ‘‘गलतियों’’ को वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद ३७० को समाप्त कर सुधारा है। पार्टी ने कहा कि इन गलतियों के लिए कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए। कश्मीर के भारत में विलय की ७५वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि नेहरू ने उस क्षेत्र के राजा हरि सिंह के कश्मीर के भारत में विलय के प्रस्ताव पर कार्रवाई में देरी, सहित पांच गलतियां की थीं। उन्होंने कहा कि इन गलतियों का खामियाजा जम्मू एवं कश्मीर के साथ देश को भी उठाना पड़ा और इनके चलते क्षेत्र का एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में चला गया। नेहरू के कुछ बयानों का हवाला देते हुए भाटिया ने दावा किया कि राजा हरि सिंह ने जुलाई १९४७ में पहली बार विलय का विचार सामने रखा था लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इसमें हिचकिचाहट दिखाई और देश की जगह कथित तौर पर अपने ‘‘मित्र’’ को प्राथमिकता दी। मित्र कहने का भाटिया का इशारा शेख अब्दुल्ला की तरफ था। उन्होंने कहा कि इसके बाद नेहरू ने एक आंतरिक मसले को संयुक्त राष्ट्र पहुंचा दिया और इस वजह से इस मुद्दे में पाकिस्तान शामिल हो गया। भाजपा प्रवक्ता ने कश्मीर में जनमत संग्रह कराने का विचार सामने रखने के लिए भी नेहरू को आड़े हाथों लिया और दावा किया कि स्वतंत्रता अधिनियम में इसके लिए कोई प्रावधान ही नहीं था। इसी अधिनियम के तहत सैकड़ों रियासतों का भारत में विलय हुआ था। भाटिया ने कहा कि इतना ही नहीं, जम्मू एवं कश्मीर कोविशेष दर्जा देने वाले प्रावधान किए गए और देश को इसका खामियाजा उठाना पड़ा। केंद्र सरकार ने जम्मू एवं कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद ३७० को २०१९ में समाप्त कर दिया और उसका विभाजन दो केंद्रशासित क्षेत्रों– जम्मू–कश्मीर एवं लद्दाख में कर दिया। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया



कि तत्कालीन गृह मंत्री वल्लभभाई पटेल, नेहरू के इन फैसलों के खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि अन्य रियासतों की तरह कश्मीर का भी भारत में विलय हो गया होता तो संभवतरू देश में ‘‘जिहादी आतंकवाद’’ नहीं होता। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मोदी ने इन गलतियों को सुधारा है और उनके मजबूत नेतृत्व में भारत दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। भाजपा ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा २०१९ में लोकसभा में अनुच्छेद ३७० को समाप्त किए जाने के मुद्दे पर चर्चा के दौरान दिए गए एक बयान का भी उल्लेख किया और कांग्रेस पर हमला किया। उस समय चौधरी ने सवाल उठाया था कि कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र में है, ऐसे में यह आतंरिक मसला कैसे हो सकता है। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस को इन गलतियों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के पलायन का भी मुद्दा उठाया और इसके लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। कांग्रेस ने जवाब देते हुए जम्मू–कश्मीर के शोपियां से कई कश्मीरी पंडित परिवारों के कथित पलायन को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि केंद्र को ‘श्वेत पत्र’ लाकर यह बताना चाहिए कि उसने कश्मीरी पंडितों की पीड़ा दूर करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। पार्टी के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने यह दावा भी किया कि इस साल जनवरी से लेकर अक्टूबर तक कश्मीरी पंडितों की ‘टार्गेट किलिंग’ की ३० घटनाएं हो चुकी हैं। कश्मीर के संदर्भ में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू के एक लेख से जुड़े सवाल पर खेड़ा ने कहा कि ‘व्हाट्सअप नर्सरी’ वाले भाजपा के नेताओं को फिर से इतिहास का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा, ‘‘अगर भाजपा नेताओं को लगता है कि उनकी बातें सही हैं तो इन दो सवालों का जवाब दें कि मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते जम्मू–कश्मीर में ७५ प्रतिशत मतदान कैसे होता था और कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाकर की जाने वाली हत्याएं कैसे बंद होंगी?’’ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया ‘‘भाजपा नेताओं को समकालीन इतिहास के बारे में कुछ नहीं पता, तथा ऐसे में वे सिर्फ पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह को जिम्मेदार ठहराते रहते हैं।’’ खेड़ा ने कहा कि भाजपा को १९८९–१९९० की स्थिति और मौजूदा स्थिति के लिए माफी मांगनी चाहिए।

# भारत में बड़े पैमाने पर मनाया जाने वाला छठ का त्यौहार शुक्रवार से शुरू

लखनऊ। पूर्वी और उत्तरी भारत में बड़े पैमाने पर मनाया जाने वाला छठ का त्यौहार शुक्रवार से शुरू हो रहा है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को इसे मनाया जाता है। इस बार छठ पूजा की शुरुआत २८ अक्टूबर से हो रही है और इसका समापन ३१ अक्टूबर को होगा। छठ पूजा नहाए खाए से शुरू होती है और पारण के साथ ही समाप्त हो जाती है। बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के साथ–साथ फिलहाल देश के अलग–अलग हिस्सों में भी यह बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। छठ व्रत के दौरान श्रद्धालु ३६ घंटे का निर्जला व्रत रखते हैं। सुख, समृद्धि और संतान की कामना करते हैं। छठ पूजा को लोक आस्था का महापर्व भी कहा जाता है। साथ ही साथ यह पूजा पूरी तरीके से प्रेंति को समर्पित है। कब है नहाए खाए। छठ पूजा की शुरुआत नहाए खाए से होती है। नहाए खाए इस बार २८ अक्टूबर को है। नहाए खाए के दिन घरों को साफ किया जाता है। शुद्ध किया जाता है। इसके बाद व्रती स्नान करने के बाद खाना बनाते हैं। खाने में कद्दू की सब्जी और चावल का महत्व है। व्रती के खाने के बाद ही घर परिवार के बाकी लोग खाना खाते हैं। छठ पूजा का दूसरा दिन खरना का होता है। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम में गुड़ की खीर बनाई जाती है। इस बार खरना २९ अक्टूबर को है। शाम में व्रती गुड़ की खीर और घी लगाई रोटी ग्रहण




करते हैं। इसके बाद इस प्रसाद को घर के बाकी सदस्य भी ग्रहण करते हैं। तीसरा दिन ही छठ पूजा का सबसे प्रमुख दिन माना जाता है। दूसरे दिन की समाप्ति के बाद ही तीसरे दिन की तैयारी शुरू हो जाती है। दिनभर प्रसाद बनाया जाता है। छठ पूजा में ठेकुआ प्रसाद का बहुत ज्यादा महत्व है। इसके अलावा फल–फूल से दउरा सजाया जाता है। इसमें सूप का भी बहुत महत्व है। इस बार पहला अर्घ्य ३० अक्टूबर को दिया जाएगा। पहले अर्घ्य के दिन व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। उषा अर्घ्य के साथ समापन छठ का चौथा दिन उषा अर्घ्य का होता है। व्रती उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इसके साथ ही ३६ घंटे निर्जला व्रत को तोड़ते हैं। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही छठ का समापन हो जाता है। घाट पर ही सभी को प्रसाद दिए जाते हैं। बाद में व्रती पारण करते हैं और अपना व्रत समाप्त करते हैं। छठ पूजा पूरी तरीके से प्रेंतिक को समर्पित है। छठ पूजा में अर्घ्य देने के लिए फल–फूल और ठेकुआ का प्रयोग किया जाता है जो कि पूरी तरीके से गुड़ और आटे का बना होता है। दउरा और सूप भी बांस का बनता है। इसके अलावा व्रती किसी तालाब या नदी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य समर्पित करते हैं। घर में एक या दो लोग ही व्रत करते हैं। लेकिन इसके नियम सभी के लिए बराबर होते हैं। सभी को स्वच्छता और शुद्धता का ध्यान रखना पड़ता है।

# किसी भी लड़की को ‘‘आइटम’’ कहना आपत्तिजनक, दोषी के खिलाफ कोई नरमी नहीः कोर्ट

मुंबई। मुंबई की एक विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के मामले में एक व्यक्ति को डेढ़ साल कैद की सजा सुनाते हुए कहा कि किसी भी लड़की को ‘‘आइटम’’ कहना आपत्तिजनक है। अदालत ने यह आदेश २० अक्टूबर को पारित किया था। दोषी के खिलाफ नरमी बरतने से इनकार करते हुए अदालत ने कहा कि महिलाओं को इस तरह के अवांछित व्यवहार से बचाने के लिए ऐसे ‘‘ सड़कछाप रोमियो’’ को सबक सिखाना जरूरी है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण कानून (पक्सो) संबंधी मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश ए. जे. अंसारी ने १६ वर्षीय लड़की को ‘‘आइटम’’ बुलाने और उसके बाल खींचने के मामले में २५ वर्षीय व्यक्ति को उसकी गरिमा भंग करने का दोषी पाया। यह वाकया १४ जुलाई २०१५ में उपनगरीय मुंबई में लड़की के घर के पास हुआ था, जब वह स्कूल से लौट रही थी। लड़की की शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उसे



जमानत मिल गई थी। न्यायाधीश ने कहा, ‘‘ आरोपी का जानबूझकर लड़की के बाल पकड़ना और खींचना और उसे ‘‘आइटम’’ बुलाना साबित करता है कि उसने लड़की की गरिमा भंग की।’’ अदालत ने कहा कि आरोपी का व्यवहार ‘‘पूरी तरह आपत्तिजनक’’ था। आदेश में कहा गया, ‘‘ आरोपी ने उसे ‘आइटम’ कहकर बुलाया, इस शब्द का इस्तेमाल लड़के आमतौर पर लड़कियों को अपमानजनक तरीके से संबोधित करने के लिए करते हैं. यह स्पष्ट तौर पर लड़की की गरिमा भंग करने के उसके इरादे को जाहिर करता है।’’ न्यायाधीश ने कहा, ‘‘ किसी भी लड़की के लिए ‘आइटम’ शब्द का इस्तेमाल करना स्वाभाविक रूप से अपमानजनक है।’’ अदालत ने कहा कि आरोपी के प्रति नरमी नहीं बरती जा सकती क्योंकि मामला सड़क पर एक नाबालिग लड़की से बदसलूकी का है। अदालत ने कहा, ‘‘ ऐसे अपराधों से कठोरता से निपटा जाना चाहिए ताकि ऐसे ‘सड़कछाप रोमियो’ को सबक सिखाया जा सके और महिलाओं को उनके अनुचित व्यवहार से बचाया जा सके।

# नाका इलाके में लगी भीषण आग, मोबाइल मार्केट में कई दुकानें आई चपेट में

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहाँ के चारबाग रेलवे स्टेशन के पास स्थित नाका इलाके में मोबाइल मार्किट में भीषण आग लग गयी है। बताया जा रहा है कि इस इलाके में मोबाइल फोन का बड़ा मार्किट है जहाँ कई दुकाने आग कि चपेट में है। सूत्रों के अनुसार आग शार्ट सर्किट के चलते लगी है। आग ने विकराल रूप अख्तियार कर लिया है। मौके पर दमकल कि कई गाड़ियां और भारी पुलिस फोर्स मौजूद है। संकरी गलियों में आग बुझाने में दमकल कर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। शाम से भड़की आग को बुझाने के लिए लगातार दमकल कर्मी पानी की बौछार फेंक रहे हैं। इस आग में लाखों रुपये के नुक्सान का अंदाजा लगाया जा रहा है। वहीं मौके पर पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद हैं और पूरे आपरेशन पर नजर बनाये हुए हैं।



# प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में मनाई दिवाली

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अयोध्या में दिवाली मनाई। उन्होंने राम मंदिर में पूजा अर्चना की और भगवान राम का राज्याभिषेक भी किया। मंदिर के गर्भ गृह में पहला दीया जलाने के बाद प्रधानमंत्री दीपोत्सव में शामिल



हुए। इस बार दीपोत्सव में सरयू के किनारे १६ लाख दीये जलाए गए। पूरी अयोध्या रविवार को ३० लाख दीयों से रोशन हुई। प्रधानमंत्री ने अपनी अयोध्या यात्रा के दौरान राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया और बाद में सरयू आरती में भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री करीब आधे घंटे तक सरयू की पैड़ी पर रुके और लेजर शो के जरिए रामकथा का मंचन देखा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या में छठे दीपोत्सव के आयोजन में हिस्सा लेने के लिए साकेत महाविद्यालय में बने हेलीपैड पर पहुंचे। वहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री वहां से सीधे श्रीराम जन्मभूमि पर विराजमान रामलला के दर्शन करने गए। सबसे पहले उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरणों में हाजिरी लगाई और फिर आरती उतारी। पीएम मोदी ने गर्भ गृह में दीप जलाए। रामलला की परिक्रमा कर प्रधानमंत्री ने सुखी व सशक्त राष्ट्र की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी वहां से श्रीराम जन्म भूमि गए और वहां हो रहे कार्यों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीराम का राज्याभिषेक किया। इसके बाद उन्होंने जनता को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा– राम की कृपा से ही उनके दर्शन और अभिषेक का सौभाग्य मिलता है। जब श्रीराम का अभिषेक होता है तो हमारे भीतर श्रीराम के आदर्श और मूल्य दृढ़ हो जाता है। अयोध्या के कण–कण में उनका दर्शन समाहित है। प्रधानमंत्री ने कहा– आजादी के अमृतकाल में भगवान राम जैसी संकल्प शक्ति, देश को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। भगवान राम ने अपने वचन में, अपने विचारों में, अपने शासन में, अपने प्रशासन में जिन मूल्यों को गढ़ा, वो सबका साथ–सबका विकास की प्रेरणा हैं और सबका विश्वास–सबका प्रयास का आधार हैं। उन्होंने कहा– भगवान राम, मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। मर्यादा, मान रखना भी सिखाती है और मान देना भी और मर्यादा, जिस बोध की आग्रह होती है, वो बोध कर्तव्य ही है। मोदी ने कहा– राम किसी को पीछे नहीं छोड़ते हैं। राम कर्तव्य–भावना से मुख नहीं मोड़ते। इसलिए, राम, भारत की उस भावना के प्रतीक हैं, जो मानती है कि हमारे अधिकार हमारे कर्तव्यों से स्वयं सिद्ध हो जाते हैं।

# राहुल गांधी ने केंद्र पर साधा निशाना कहा भाजपा ने यूपीए के अच्छे कामों को बर्बाद कर दिया

नई दिल्ली। जम्मू–कश्मीर के शोपियां से कई कश्मीरी पंडित परिवारों के कथित पलायन को लेकर कांग्रेस केंद्र सरकार पर हमलावर है। इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट कर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने साफ तौर पर आरोप लगाया कि भाजपा ने यूपीए के अच्छे कामों को बर्बाद कर दिया। अपने ट्वीट में राहुल ने लिखा कि इस साल, कश्मीर में ३० टार्गेटिड किलिंग्स हो चुकी हैं। पंडितों का पलायन तेजी से बढ़ रहा है। इसे साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा ने यूपीए द्वारा किए गए अच्छे कामों को बर्बाद कर दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्ता में आने से पहले बड़ी–बड़ी बातें करने वाले च्ड सत्ता भोग रहे हैं और कश्मीरी पंडित अपने ही देश में शरणार्थी बने हुए हैं। इससे पहले कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि केंद्र को 'श्वेत पत्र' लाकर यह बताना चाहिए कि उसने कश्मीरी पंडितों की पीड़ा दूर करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा था कि कश्मीरी पंडितों का लगातार पलायन हो रहा है। पिछले १० महीने में ३० कश्मीरी पंडित मारे जा चुके हैं। शोपियां, जहां ३२ साल से कश्मीरी पंडितों के परिवार रुके रहे, उन्हें भी वहां से निकलना पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अगर इसे सामान्य स्थिति कहती है तो उन्हें आंखें खोल लेनी चाहिए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि मोदी सरकार कश्मीरी पंडितों की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करे, इस श्वेत पत्र में जो आपने किया और जो नहीं किया सब होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ३० टार्गेट किलिंग पर प्रधानमंत्री को जवाब देना पड़ेगा। पवन खेड़ा ने दावा



किया कि मोदी सरकार में कश्मीरी पंडितों की कोई सुनवाई नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले ५ महीने में कश्मीरी पंडितों के १७ परिवार अपना घर छोड़ चुके हैं। दो दिन पहले ही ४० से ५० कश्मीरी पंडितों ने अपना घर छोड़ दिया, अपनी जमीन छोड़ दी। उन्होंने कहा कि इन हालातों से बेपरवाह च्ड मोदी कपड़े बदल बदलकर इवेंट रचा रहे हैं। मोदी सरकार में कश्मीरी पंडितों की कोई सुनवाई नहीं है। कश्मीर के संदर्भ में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के एक लेख से जुड़े सवाल पर खेड़ा ने कहा कि 'व्हाट्सअप नर्सरी' वाले भाजपा के नेताओं को फिर से इतिहास का अध्ययन करना चाहिए।

# बेटे ने पिता की कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या, तलाश में जुटी पुलिस

शाहजहांपुर। गांव धीयरा में ट्यूबवेल के पास बृहस्पतिवार दोपहर बेटे ने पिता की कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी बेटा मौके से भाग गया। घटना के पीछे संपत्ति बंटवारे को लेकर कई दिन से चल रहा विवाद बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंच गए और मामले की जानकारी कर शव को कब्जे में ले लिया। वहीं सीओ मस्सा सिंह ने भी गांव पहुंचकर मौका मुआयना किया और मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। मृतक के पौत्र की ओर से आरोपी बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। गांव धीयरा निवासी ८० वर्षीय शरीफ बृहस्पतिवार दोपहर करीब १२ बजे घर से खाना खाने के बाद गांव के पास घर से करीब ७० मीटर दूर ट्यूबवेल पर पहुंच गए। कुछ देर बाद बेटा बशीर हाथ में कुल्हाड़ी लेकर घर से निकला और ट्यूबवेल पर पहुंच गया। यहां शरीफ चारपाई पर बैठे हुए थे।




बशीर ने पास पहुंचते ही पिता पर ताबड़तोड़ प्रहार करने शुरू कर दिए, जिससे वह लहूलुहान हो जमीन पर गिर गए। उन्हें मृत समझकर हत्यारा बेटा मय कुल्हाड़ी के भाग निकला। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। दिनदहाड़े हत्या की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घर पर सूचना पहुंची तो बड़ा बेटा सगीर और पौत्र आमिर भी पहुंच गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने की व्यवस्था करते, तब तक शरीफ ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल प्रवीण सोलंकी, उपनिरीक्षक मान बहादुर सिंह, कोतवाल क्राइम एवं क्षेत्राधिकारी मस्सा सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव धीयरा में ट्यूबवेल पर चारपाई पर बैठे शरीफ खां की हत्या की सूचना थाना जलालाबाद पुलिस को मिली। तत्परता से पुलिस ने मौके पर जांच शुरू कर दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के पौत्र अमीर की तहरीर पर मृतक के बेटे बशीर के खिलाफ हत्या रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना के पीछे संपत्ति विवाद बताया जा रहा है।– मस्सा सिंह, सीओ– जलालाबाद।

# विधायक सलोना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर। तिलहर विधानसभा से भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा के खिलाफ परिवार रजिस्टर में छेड़छाड़ कर महिला सरिता यादव का नाम बढ़वाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। साथ ही महिला सरिता यादव, नगर पंचायत निगोही के मुख्य लिपिक दानिश खान और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ थाना निगोही में एफआईआर दर्ज की गई है। पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा की पुत्रवधू रुचि वर्मा ने तिलहर से भाजपा विधायक सलोना कुशवाह, सरिता यादव, नगर पंचायत निगोही के मुख्य लिपिक दानिश खान समेत अन्य कर्मचारियों के खिलाफ कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें उन्होंने इन सभी पर परिवार रजिस्टर में छेड़छाड़ कर सरिता यादव को अपने पति स्व. विनोद वर्मा की पत्नी बताकर नाम बढ़ाने का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता रुचि वर्मा ने बताया कि वर्ष २०१८ में उनके पति विनोद वर्मा की मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद तिलहर एसडीएम की ओर से उनका उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किया गया था, जिसमें उनके साथ उनके बच्चे व सास का नाम अंकित है। इसके अलावा विनोद वर्मा का कोई परिवार नहीं है। मगर सत्तापक्ष की विधायक की शह पर नगर पंचायत के लिपिक दानिश खान ने उनके परिवार रजिस्टर में साजिश के तहत सरिता यादव का नाम बढ़ाया गया था। शिकायतकर्ता रुचि वर्मा की शिकायत का कोर्ट ने संज्ञान लेकर विधायक सलोना कुशवाहा, सरिता यादव, नगर पंचायत लिपिक दानिश खान समेत अन्य कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। गुरुवार देर रात निगोही थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। मामले की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# ताजमहल के पास व्यावसायिक गतिविधियों पर लगी रोक टली



आगरा। स्थानीय प्रशासन द्वारा ताजमहल की चहारदीवारी से ५०० मीटर की परिधि में व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मामले में तीन महीने का समय और बढ़ा दिया गया है। इस फैसले को लेकर ताजगंज खद्दर भंडार चौराहे पर मिठाई बांटी गई। प्रशासन ने १७ जनवरी तक का समय ताजगंज के व्यापारियों को दिया है। ताजमहल पश्चिमी गेट मार्केट एसोसिएशन की जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने २६ सितंबर को ताजमहल की चहारदीवारी की ५०० मीटर की परिधि में व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाने का आदेश किया था। एडीए ने आदेश के अनुपालन में १७ अक्टूबर तक का समय व्यापारियों को दिया था। विधिक राय मिलने के बाद एडीए ने तीन माह की समय सीमा बढ़ा दी है।

# कपड़े की फैक्ट्री में भीषण आग

कानपुर। शहर में जूही थानाक्षेत्र के ओ ब्लाक स्थित एक कपड़े के कारखाने में भीषण आग लग गई। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने आग को बुझाने का काम किया। आग इतनी विकराल है कि उसने आस–पास के मकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। कई थानों की फोर्स और दमकल की कई गाड़िया मौके पर पहुंच गई हैं। फायर फाइटर आग बुझाने के प्रयास कर रहे हैं।

# अब रेलवे प्लेटफार्म का देना होगा अधिक शुल्क

लखनऊ। रेलवे प्लेटफार्म का अब ढाई गुना अधिक किराया देना होगा। नये रेट यूपी के १४ रेलवे स्टेशन पर लागू भी कर दिए गए हैं। प्लेटफार्म के टिकट शुल्क में उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल से बढ़ोत्तरी की गयी है। ऐसे में लखनऊ–वाराणसी जंक्शन सहित १४ स्टेशनों पर नये रेट से टिकट लेना होगा। अधिकारियो के मुताबिक ये बढ़ा हुआ शुल्क २६ अक्टूबर से ६ नवंबर तक लागू रहेगी। टिकट का रेट बढ़ाने के पीछे रेलवे अधिकारीयों का कहना है की त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशनों पर भीड़ कम होगी। बता




दें इससे पहले २ अक्टूबर को भी प्लेटफार्म टिकट रेट १० रुपए से ३० रूपये किया गया था। उत्तर रेलवे के अधिकारियों ने बताया यदि कोई व्यक्ति व्यक्ति प्लेटफार्म टिकट नहीं लेता है तो उसे वर्तमान टिकट शुल्क के ५ गुना दाम जुर्माने के रूप में चुकाना होगा। लखनऊ मंडल के लखनऊ, वाराणसी जंक्शन, बाराबंकी जंक्शन, अयोध्या कैंट, अयोध्या, अकबरपुर, शाहगंज, जौनपुर जंक्शन, सुलतानपुर जंक्शन, रायबरेली, जंघई, भदोही, प्रतापगढ़ और उन्नाव स्टेशन पर ३० की जगह ५० रूपये शुल्क देना होगा।

# निजी मदरसों के की जांच के मामले में अब मायावती भी आई आगे

लखनऊ। योगी सरकार के आदेश पर राजधानी सहित प्रदेश भर में मदरसों की जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब बसपा सुप्रीमों ने सरकार की नियत पर सवाल उठाया है। उन्होंने इस संबंध में बुधवार को एक ट्ववीट करते हुए लिखा है कि प्रदेश में निजी मदरसों की संख्या ७५०० से अधिक है। यह जानकारी राज्य सरकार द्वारा कराए गए सर्वे से मिली है। गैर–मान्यता प्राप्त मदरसे गरीब बच्चों को तालीम



देने में लगे हैं। ये सरकार पर बोझ नहीं बनना चाहते तो सरकार इनमें दखल क्यों दे रही है। सरकारी मदरसा बोर्ड के मदरसों के शिक्षक व स्टाफ के वेतन आदि के लिए बजट प्रावधान के लिए खास तौर से सर्वे कराया जाता है। हालांकि बसपा सुप्रीमों का ये बयान पालीटिकल एंगल से भी जोड़ा जा रहा है। दरअसल आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए सभी पार्टियां मुस्लिम वोटों का साधने लगी हैं।

# लखनऊ में दिखा आंशिक सूर्यग्रहण, मंदिरों के कपाट भी बंद

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आंशिक सूर्यग्रहण का नजारा देखनेको मिला। इस दौरान लोगों ने दर्शन कर जहां अपने–अपने घरो में ईश्वर की प्रार्थना की वहीं दूसरी ओर मंदिरों के कपाट भी बंद रहे। गोमतीनगर स्थित मरीन ड्राइव पर शाम को लोगों ने पहुंचकर वर्ष के अंतिम सूर्यग्रहण को देखने उमड़ पड़े। देशी संग विदेशी भी लोग शामिल हुए। सूर्यग्रहण के कुछ देर पहले ही शहर के सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गये। प्रसिद्ध मंदिरों में हनुमान सेतु, हजतरगंज स्थित दक्षिण मुखी मंदिर, वहीं अलीगंज पुराना हनुमान मंदिर के कपाट बंद रहे। गोमती तट के किनारे लोगों ने टेली स्कोप के माध्यम से आंशिक सूर्य ग्रहण का दर्शन किया। ये व्यवस्था इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला के यूपी अम्च्योर एस्ट्रोनामर्स क्लब की ओर से की गई थी। इस दौरान नक्षत्रशाला के वैज्ञानिकों ने बताया कि पांच टेलीस्कोप की व्यवस्था की गई थी। लखनऊ में आंशिक सूर्यग्रहण चार बजकर ३६ मिनट से शुरू होकर शाम पांच बजकर २६ मिनट तक ही दिखाई दिया। इस समय सूर्य का करीब ३६.६३ प्रतिशत भाग चंद्रमा की छाया से ढका नजर आया। लखनऊ में सूर्यग्रहण की अवधि अधिकतम ५३ मिनट की रही।

# 48 की हुई रवीना टंडन

मुबई। बॉलीवुड की जानी–मानी अभिनेत्री रवीना टंडन ४८ वर्ष की हो गयी। महज १७ साल की उम्र से बॉलीवुड में एंट्री करने वाली रवीना ६० के दशक की हॉट एक्ट्रेस में शुमार हैं। कई फिल्मों से दर्शकों के दिलों पर छा जाने वाली रवीना आज अपना ४८वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। रवीना टंडन का जन्म २६ अक्टूबर १९७४ को मुंबई में हुआ। पिता रवि और मां वीणा टंडन के नाम को मिलाकर उनका नाम रवीना टंडन रखा गया। रवीना को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता जाने–माने फिल्म निर्माता थे। रवीना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के जमनाबाई स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के मशहूर मिठ्ठीभाई कॉलेज में दाखिला लिया। इस दौरान उनकी मुलाकात निर्देशक शांतनु शोरी से हुयी। उन्होंने रवीना को फिल्मों में काम करने की सलाह दी। इसके बाद कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर रवीना फिल्मों में अभिनेत्री बनने का ख्वाब देखने लगी। रवीना ने अपने सिने करियर की शुरूआत



वर्ष १९९१ में प्रदर्शित फिल्म 'पत्थर के फूल' से की। जी.पी. सिप्पी निर्मित इस फिल्म में नायक की भूमिका सलमान खान ने निभाई थी। यह फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सफल नहीं हो सकी लेकिन रवीना टंडन के अभिनय को दर्शकों ने काफी सराहा। इसके साथ ही वह नवोदित अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गयी। वर्ष १९९४ रवीना के सिने करियर के लिये अहम वर्ष साबित हुआ। इसी वर्ष उनकी 'मोहरा', 'लाडला', 'दिलवाले' और 'अंदाज अपना –अपना' जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी। 'लाडला' में दमदार अभिनय के लिये रवीना अपने करियर में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गयीं। वर्ष १९९४ में ही प्रदर्शित फिल्म 'मोहरा' रवीना टंडन के करियर की सर्वाधिक सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। मारधाड़ और एक्शन से भरपूर इस फिल्म में रवीना पर फिल्माया यह गीत 'तू चीज बड़ी है मस्त मस्त' उन दिनों श्रोताओं के बीच क्रेज बन गया था। इसके बाद रवीना फिल्म इंडस्ट्री में 'मस्त–मस्त गर्ल 'के नाम से मशहूर हो गयीं।

# शहर की हवा साफ करने में जुटा नगर निगम, कई जगह हुआ पानी का छिड़काव

लखनऊ। दीपावली में आतिशबाजी की वजह से यूपी के कई शहरों समेत राजधानी लखनऊ का एक्यूआई लेवल गड़बड़ा गया है। इसे कम करने में नगर निगम जुट गया है। बुधवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम ने मिलकर संयुक्त अभियान चलाया। शहर में स्प्रिंकलिंग, मेकेनिकल रोड स्वीपिंग तथा टैंकरों के माध्यम से पानी का छिड़काव किया गया। नगर आयुक्त के अनुसार सभी ८ जोनों में एक वाटर स्प्रिंकलिंग मशीन, एक मैकेनिकल सेटिंग एवं ५ वाटर टैंकरों से छिड़काव किया गया है। आज से लेकर कई दिनों तक मैकेनिकल वाहनों द्वारा वायु प्रदूषण को कम करने का काम होगा। जोन चार, जोन ७, जोन तीन समेत शहर में करीब ५०




किलोमीटर से ज्यादा के क्षेत्र में अभियान चलाया गया। दिवाली के बाद लखनऊ समेत उप्र के कई शहरों में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। लखनऊ की स्थिति पहले से ही खराब है।

# देशी बम फटने से अफरा तफरी का माहौल

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में चलती बाइक से एक युवक गिर गया, इस दौरान उसके पास थैले में मौजूद देशी बम फट गया जिसके बाद घटना स्थल पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। वहीं बाइक से गिरा युवक बुरी तरह से घायल हो गया। पूरी घटना लखनऊ के बंथरा थाना रेंज की है। घटना को देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल युवक को लोक बंधु अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। पुलिस ने बताया मामले की जाँच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक विस्फोट में घायल युवक सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के अमौसी गांव में रहने वाले छेदू का बेटा बबलू रावत है वह बंथरा थाने के पास बाइक से जा रहा था, तभी सामने से आ रहे युवक से टकरा गया। जिसके बाद ये घटना हो गयी. पुलिस ने बताया घायल युवक के पैर में अधिक चोट आई है।

## डेंगू से उबरने के बाद सलमान खान की वापसी

मुंबई। सुपरस्टार सलमान खान डेंगू से उबर गए हैं और जल्द ही वह रियलिटी शो 'बिग बस१६' की शूटिंग फिर शुरू करेंगे। अभिनेता के एक करीबी सूत्र ने यह जानकारी दी। सलमान २०१० से रियलिटी शो बिग बस की मेजबानी कर रहे हैं। पिछले सप्ताह उन्हें डेंगू हो गया था और इसलिए वह शो के 'वीकेंड का वार' एपिसोड की शूटिंग नहीं कर पाए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालाब ठीक हो रहे हैं। अभी थोड़ी कमजोरी है, लेकिन डेंगू से उबर गए हैं। कलर्स चौनल पर प्रसारित होने वाले इस शो से जुड़े सूत्र ने बताया कि अभिनेता बृहस्पतिवार को 'वीकेंड का वार' एपिसोड की शूटिंग करेंगे।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक